>

Title : Need to accord approval to Wadsa-Gadchiroli Railway line project in Maharashtra.

श्री मारोतराव सैनुजी कोवासे (गडचिरोली-चिमूर): महोदय, महाराष्ट्र राज्य के गढ़चिरौली जिले में 49.5 किलोमीटर लम्बी बड़सा गढ़चिरौली रेल मार्ग परियोजना पिछले लगभग 10 वर्षों से रेल मंत्रालय की स्वीकृति का इन्तजार कर रही है। परियोजना के विलंब का कारण मंत्रालय द्वारा कराये गये सर्वेक्षण की रिपोर्ट है। जिसके अनुसार इस परियोजना का आर.ओ.आर. (रेट ऑफ रिटर्न) वर्ष-2002 में 3.78 प्रतिशत घटा था एवम् वर्ष-2008 के सर्वेक्षण में आर.ओ. आर. 7.86 प्रतिशत घटा है। परियोजना क्रियान्वयन में हो रही देरी को देखते हुए स्वयं महाराष्ट्र सरकार ने अपनी ओर से इस नये रेल मार्ग के लिए होने वाले कुल व्यय में 100 करोड़ रूपयों की आर्थिक सहभागिता की घोषणा भी की है। महाराष्ट्र सरकार ने लिखित तौर पर स्वीकृति भी रेल मंत्रालय को प्रेषित कर दी हे। गढ़चिरौली जिले के सर्वांगीण विकास के लिए रेलवे मार्ग के महत्व और जिले के नागरिकों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए रेल मंत्रालय द्वारा शीघ्र ही इस नये रेल मार्ग परियोजना को स्वीकृति प्रदान की जानी चाहिए।